**प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान**

**Institute for Plasma Research**

भाट, इन्दिरा पुल के निकट, गांधीनगर – 382 428 (भारत)

Bhat, Near Indira Bridge, Gandhinagar – 382 428 (India)

***Web: www.ipr.res.in***

# विज्ञापन सं.05/2022

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर),भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान है, जो बुनियादी प्लाज़्मा भौतिकी, चुंबकीय परिसीमित संलयन और प्लाज़्मा के औद्योगिक अनुप्रयोगों के क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के प्रति समर्पित है। आईपीआर, भाट, गाँधीनगर, गुजरात में स्थित है और सेक्टर 25, गाँधीनगर, गुजरात में स्थित जीआईडीसी में इसकी प्रयोगशालाओं का विस्तार है और गुवाहटी में भी इसका एक केन्द्र है। /

निम्नलिखित पदों के लिए वैतनिक प्रशिक्षु श्रेणी- II के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

**पदों की कुल संख्या**: **10 (03-अनारक्षित, 03-अ.ज.जा., 04-अ.पि.व.)**

| पद कोड | टेक्निशियनट्रेड | पदों कि संख्या | | | | शैक्षिक / तकनीकी योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | अजा.ज.. | अव.पि.. | कुल संख्या | |
| 01 | इलेक्ट्रीशियन | 0 | 1 | 0 | 1 | दसवीं (एसएससी) में कुल न्यूनतम 60% अंक एवं इलेक्ट्रीशियन / फिटर / मशीनिस्ट / इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक / ड्राफ्ट्समैन (मैकेनिकल) में ट्रेड सर्टिफिकेट।<br><br>ट्रेड सर्टिफिकेट के संबंध में उम्मीदवारों को निम्नलिखित में से कोई भी आवश्यकता पूरी करनी चाहिए:<br>1. दो साल की अवधि का नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट (एनटीसी) (आईटीआई उत्तीर्ण)।<br>या<br>2. शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत दो वर्ष की अवधि का राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र (एनएसी)।<br>या<br>3. पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद एक वर्ष की अवधि का एनटीसी (आईटीआई उत्तीर्ण) के साथ एक वर्ष का प्रासंगिक कार्य अनुभव।<br>या<br>4. शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के तहत एक वर्ष की अवधि का एनटीसी (आईटीआई उत्तीर्ण) सहित न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का एनएसी। |
| 02 | फिटर | 1 | 1 | 2 | 4 | |
| 03 | मशीनिस्ट | 1 | 0 | 0 | 1 | |
| 04 | इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक | 1 | 1 | 1 | 3 | |
| 05 | ड्राफ्ट्समैन (मैकेनिकल) | 0 | 0 | 1 | 1 | |

## टिप्पणी:

(1) शैक्षिक / तकनीकी योग्यता केंद्र या राज्य सरकार के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / तकनीकी शिक्षा बोर्ड से होनी चाहिए।

(2) यदि विश्वविद्यालय/बोर्ड, लेटर ग्रेड/सीजीपीए/ओजीपीए/एसजीपीए प्रदान करते हैं, तो उन्हें उस विश्वविद्यालय/बोर्ड द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार अंकों के समकक्ष प्रतिशत के रूप में इंगित करने की आवश्यकता है। यदि आवेदन पत्र में अंकों का प्रतिशत नहीं दर्शाया गया है, तो उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

**(3) ऑनलाइन आवेदन जमा करने का पोर्टल 06/10/2022 से लाइव होगा।**

## आयु सीमा :

आवेदन की अंतिम तिथि के दिन न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 22 वर्ष है। इस विषय पर भारत सरकार के आदेशों के अनुसार अधिकतम आयु में छूट स्वीकार्य है।

## 1. चयन प्रक्रिया :

विज्ञापन के प्रत्युत्तर में प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के सभी मानदंडों जैसे आयु, शैक्षिक योग्यता, श्रेणी प्रमाण पत्र, शुल्क रसीद आदि के आधार पर जांच की जाएगी और आगे की प्रक्रिया के लिए केवल वैध आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा। प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदक को लिखित परीक्षा के लिए नहीं बुलाने के सभी अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

## चयन की विधि :

चयन प्रक्रिया में 3 चरणों में परीक्षाएं होंगी : **चरण - 1, चरण - 2 और चरण - 3**

### चरण -1 : प्रारंभिक परीक्षा

वैध आवेदकों के लिए प्रारंभिक लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रारंभिक परीक्षा का प्रारूप सभी ट्रेडों के लिए समान और निम्नलिखित रूप से होगा :

1. प्रारंभिक लिखित परीक्षा में निम्नलिखित अनुपात में एक घंटे की अवधि के लिये 50 बहुविकल्पीय प्रश्न (उत्तर के लिए 4 विकल्प) शामिल होंगे :
   a. गणित : 20 प्रश्न
   b. विज्ञान : 20 प्रश्न
   c. सामान्य जागरूकता : 10 प्रश्न
2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए तीन (3) अंक दिए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक (1) अंक काटा जाएगा।
3. अनारक्षित श्रेणी में **40%** से कम अंक, अ.पि.व. श्रेणी में **30%** से कम अंक और अ.ज.जा श्रेणी में **30%** से कम अंक वाले सभी उम्मीदवारों को छांट कर निकाला जाएगा ।

### चरण -2 : उन्नत परीक्षण

1. चरण-1 में उत्तीर्ण सभी उम्मीदवारों को उनके संबंधित ट्रेड में चरण-2 (उन्नत लिखित परीक्षा) में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।
2. परीक्षा में दो घंटे की अवधि के 50 बहुविकल्पीय प्रश्न (उत्तर के लिए 4 विकल्प) शामिल होंगे।
3. प्रत्येक सही उत्तर के लिए तीन (3) अंक दिए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक (1) अंक काटा जाएगा।
4. अनारक्षित श्रेणी में 30% से कम अंक, अ.पि.व. श्रेणी में 20% से कम अंक और अ.ज.जा श्रेणी में 20% से कम अंक वाले सभी उम्मीदवारों को छांट कर निकाला किया जाएगा ।
5. केवल चरण-2 परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर चरण-2 के बाद उम्मीदवारों की एक योग्यता सूची तैयार की जाएगी ।
6. बराबरी की स्थिति में योग्यता सूची में स्थान तय करने के क्रम में निम्नलिखित मानदंड अपनाए जाएंगे:

(a) चरण -2 में कम नकारात्मक अंक (गलत उत्तरों की कम संख्या) प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को मेरिट सूची में उच्च स्थान पर रखा जाएगा।

(b) चरण -1 में उच्च अंक वाले उम्मीदवार को मेरिट सूची में उच्च स्थान पर रखा जाएगा।

(c) चरण -1 में कम नकारात्मक अंक (गलत उत्तरों की कम संख्या) प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को मेरिट सूची में उच्च स्थान पर रखा जाएगा।

(d) चरण -1 में गणित में उच्च सकारात्मक अंक (सही उत्तरों की अधिक संख्या) प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को मेरिट सूची में उच्च स्थान पर रखा जाएगा।

(e) चरण -1 में विज्ञान में उच्च सकारात्मक अंक (सही उत्तरों की अधिक संख्या) प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को मेरिट सूची में उच्च स्थान पर रखा

(f) अधिक आयु के उम्मीदवार को मेरिट सूची में ऊपर रखा जाएगा।

**चरण-3: ट्रेड / कौशल परीक्षा**

1. चरण -2 के बाद तैयार की गई मेरिट सूची के आधार पर, उम्मीदवारों को प्रत्येक ट्रेड में स्टेज -3 (ट्रेड / कौशल परीक्षा) के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।
2. ट्रेड/कौशल परीक्षा के लिए चुने गए उम्मीदवारों की संख्या चरण-2 में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की संख्या पर निर्भर करेगी, लेकिन प्रत्येक ट्रेड में रिक्तियों की संख्या के 5 गुना से अधिक नहीं होगी। आईपीआर चरण -3 (ट्रेड /कौशल परीक्षा) के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या का अधिकार सुरक्षित रखता है।
3. उम्मीदवारों को अर्हता प्राप्त करने के लिए ट्रेड/कौशल परीक्षा 'Go/No-Go' आधार पर आयोजित की जाएगी।
4. ट्रेड/कौशल परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को चरण-2 में प्राप्त अंकों के आधार पर योग्यता के क्रम में सूचीबद्ध किया जाएगा।

   **उपरोक्त परीक्षण (चरण-1, चरण-2 और चरण-3) लगातार दो दिनों में आयोजित किए जाएंगे और विवरण सूचित किया जाएगा।**

## 2. आवेदन शुल्क:

**उपरोक्त पदों के लिए** शुल्क संरचना नीचे दी गई है:

| क्रमांक | श्रेणी | राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1. | SC/ST/Female/PwBD/EWS | Nil |
| 2. | For Other Categories | 200/- |

**भुगतान का प्रकार: केवल ऑनलाइन के माध्यम से (एसबीआई कलेक्ट)**

**ऑनलाइन भुगतान के चरण:**

1. Visit SBI Collect: https://www.onlinesbi.com/sbicollect/icollecthome.htm
2. Proceed →State of corporate / Institution: Gujarat
3. Type of Corporate / Institution: Others
4. Others Name: Institute for Plasma Research
5. Select Payment Category: Application Fees IPR
6. In remarks column, please mention Advt. No. and Post Code
7. Make payment.
8. Print/Download receipt.

## 3. प्रशिक्षण का दायरा:

चयनित उम्मीदवारों को प्रत्येक विषय/ट्रेड के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार, प्रासंगिक विषयों/ट्रेड के विभिन्न पहलुओं और आईपीआर के कार्य की आवश्यकता के अनुसार प्लाज्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर) गांधीनगर में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**प्रशिक्षण वज़ीफा:**

- **Rs. 10,500/-** प्रति माह प्रथम वर्ष के लिए।
- **Rs. 12,500/-** प्रति माह दूसरे वर्ष के लिए।

आ.कि.भ: प्रशिक्षु आईपीआर नियमों के अनुसार आ.कि.भ के हकदार हैं।

उपरोक्त के अलावा, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकों की खरीद के लिए प्रशिक्षु पुस्तक भत्ते **Rs.3,000/-** रुपये के लिए एक बार हकदार होंगे।

**जमा:** प्रशिक्षण के लिए शामिल होने के समय वापसी योग्य जमानत राशि के रूप में 3000 रुपये की राशि जमा की जानी है। प्रशिक्षण के दौरान जारी सभी मदों/सुविधाओं जैसे पुस्तकालय कार्ड/पहचान पत्र/सीएचएसएस कार्ड/बैज या किसी अन्य मद के लिए प्रशिक्षण समन्वयक और अधिकारियों से 'अदेयता' प्रमाण पत्र प्राप्त होने के बाद प्रशिक्षण पूरा होने पर राशि वापस कर दी जाएगी।

**स्वास्थ्य सुविधा:** सभी प्रशिक्षु आईपीआर उपनियमों के अनुसार योगदान के भुगतान के साथ केवल स्वयं के लिए आईपीआर की अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना (सीएचएसएस) द्वारा शासित होंगे।

## 4. प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक समापन के बाद नियुक्ति:

प्रशिक्षण के सफल समापन पर, प्रशिक्षुओं को निम्नलिखित पद पर नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा:

| वैतनिक प्रशिक्षु | पद | वेतन स्तर | प्रवेश वेतन |
|---|---|---|---|
| श्रेणी-II | तकनीशियन-बी (समूह "सी") | स्तर - 3 | ₹.21700/- |

प्रवेश वेतन के अलावा, आईपीआर नियमों के अनुसार भत्ते स्वीकार्य होंगे।

## 5. बॉन्ड:

प्रशिक्षुओं को निर्धारित प्रोफार्मा में **₹.2,76,000/-** रुपये की राशि के लिए एक समझौता और एक क्षतिपूर्ति बांड प्रस्तुत करना होगा। चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण पूरा करना होगा और आईपीआर में समावेश होने के बाद तीन साल की अवधि के लिए आईपीआर को अपनी सेवा प्रदान करनी होगी और ऐसा करने में विफल होने पर वे सरकारी नियमों के अनुसार प्रशिक्षण की अवधि तक स्वयं को प्राप्त वेतन की कुल राशि के बराबर राशि का भुगतान ब्याज सहित करने के लिए उत्तरदायी होंगे। इस तरह के भुगतान में विफल होने पर आईपीआर को क्षतिपूर्ति बांड को लागू करने और उसके तहत राशि वसूल करने का पूर्ण अधिकार होगा और ऐसी स्थिति में प्रशिक्षु बिना किसी आपत्ति के ऐसी राशि का भुगतान करने का वचन देता है।

## 6. कार्य का स्वरूप:

प्रशिक्षण के सफल समापन के बाद समावेश किये गये उम्मीदवारों को नीचे बताए गए कार्यों का पालन करना होगा।

| पद कोड | टेक्निशियन ट्रेड | कार्यों का स्वरूप |
|---|---|---|
| 01 | इलेक्ट्रीशियन | सब-स्टेशन और अन्य इंस्टॉलेशन्स आदि में विद्युत उपकरण और सहायक के विद्युत तारों, निर्माण, संचालन, मरम्मत और रखरखाव आदि। |
| 02 | फिटर | मैकेनिकल यूटिलिटी सिस्टम आदि का संचालन, निर्माण और रखरखाव। |
| 03 | मशीनिस्ट | मिलिंग, ड्रिलिंग, लेथ और शेपिंग मशीन आदि का संचालन। |
| 04 | इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक | पीसीबी की तैयारी, वायरिंग, सोल्डरिंग, संचालन, मरम्मत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का रखरखाव आदि। |
| 05 | ड्राफ्ट्समैन (मैकेनिकल) | कंप्यूटर सहायता प्राप्त मॉडलिंग और चित्र तैयार करना आदि। |

## सामान्य जानकारी

1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं। ऊपर वर्णित रिक्तियों की संख्या अस्थायी है और संगठन की वास्तविक आवश्यकता के आधार पर इसे बढ़ाया / घटाया जा सकता है। विकलांग उम्मीदवार भी अनारक्षित कोटा में आवेदन कर सकते हैं।

2. ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि विस्तृत विज्ञापन को ध्यान से पढ़ लें। ऑनलाइन आवेदन भरते समय केवल तभी आगे बढ़ें, जब आप संतुष्ट हों कि आपके पास पद के लिए निर्धारित न्यूनतम आवश्यक योग्यताएं हैं, अन्यथा जमा किए गए आवेदन (आवेदनों) को सीधे खारिज कर दिया जाएगा।

3. पद के लिए निर्धारित तकनीकी योग्यता से अधिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को विज्ञापित पद के लिए अधिक योग्य माना जाता है और उन पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. उम्मीदवारों को अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में सही जानकारी भरना सुनिश्चित करना चाहिए। आवेदकों को उनके ऑनलाइन आवेदन पत्र में उनके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।

5. जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी उम्मीदवारों की पात्रता निर्धारित करने की तिथि **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि होगी।**

6. परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी करने से चयन का कोई अधिकार नहीं होगा। यदि बाद के चरण में यह पाया जाता है कि आवेदक द्वारा दी गई जानकारी गलत है या आवेदक पात्रता की किसी भी शर्त को पूरा नहीं करता है, तो ऐसे आवेदकों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

7. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन भर्ती आवेदन में, अपने सभी विवरण ध्यानपूर्वक भरें और हाल ही का पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ और जन्म तिथि, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, आयु छूट आदि के समर्थन में दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करें, क्योंकि गलत सूचना प्रस्तुत करने पर कम्प्यूटर आधारित शॉर्टलिस्टिंग करने के दौरान आवेदन रद्द हो सकता है। संस्थान भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर अपेक्षित मानदंडों को पूरा नहीं करने वाले आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार रखता है।

8. प्रत्येक आवेदक को केवल एक ही ऑनलाइन आवेदन जमा करने की सलाह दी जाती है। तथापि, वह एक पद के लिए एक से अधिक ऑनलाइन आवेदन जमा करता है, तो उसे यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि उच्चतर "आवेदन संख्या" वाला ऑनलाइन आवेदन पत्र सभी प्रकार से परिपूर्ण है। यदि कोई आवेदक एक से ज्यादा ऑनलाइन आवेदन जमा करते हैं, वे नोट कर लें की संस्थान द्वारा केवल सबसे पिछला 'आवेदन संख्या' वाला ऑनलाइन आवेदन पर ही विचार किया जाएगा।

9. एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य परीक्षा के लिए आरक्षित रखा जा सकता है।

10. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग-नॉन क्रीमी लेयर/पीडब्ल्यूबीडी/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आयु और/या शुल्क भुगतान में छूट की मांग करने वाले उम्मीदवारों को भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र जमा करना आवश्यक है, जिसमें विफल रहने पर उन्हें "अनारक्षित (यूआर)" उम्मीदवार के समकक्ष माना जाएगा।

11. सभी योग्यताएं केवल मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/बोर्डों/संस्थानों से होनी चाहिए। किसी अन्य देशों से योग्यता रखने वाले आवेदक यूजीसी/एआईयू से **समकक्षता प्रामाणपत्र** प्रस्तुत करेंगे।

12. सरकारी/सहायता प्राप्त/स्वायत्त/अर्ध सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत उम्मीदवारों को अपना आवेदन उचित माध्यम से अग्रेषित करना होगा या लेवल -2 की परीक्षा के लिए बुलाए जाने पर "अनापत्ति प्रमाण पत्र" प्रस्तुत करना होगा।

13. **आयु के प्रमाण** के रूप में **केवल** निम्नलिखित प्रमाणपत्र / दस्तावेज स्वीकार्य हैं (कोई भी एक):

    I. जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज जन्म तिथि।
    II. माध्यमिक विद्यालय छोड़ने का प्रमाणपत्र (एसएसएलसी)
    III. मैट्रिकुलेशन / सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट, जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख हो।

14. न्यूनतम योग्यता को पूरा करने और ऑनलाइन आवेदन जमा करने पर चरण-1 परीक्षा के लिए बुलावा मिले, यह आवश्यकता नहीं है। बिना कोई कारण बताए किसी आवेदक को लिखित परीक्षा के लिए नहीं बुलाने के सभी अधिकार अधिकारियों के पास सुरक्षित हैं। चयन की प्रक्रिया में होने वाले किसी भी विवाद/अस्पष्टता के मामले में संस्थान का निर्णय अंतिम होगा।

15. संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अपूर्ण आवेदनों को खारिज कर दिया जाएगा। किसी भी अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

16. इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विवाद केवल गांधीनगर / अहमदाबाद में स्थित न्यायालयों / न्यायाधिकरणों के एकमात्र क्षेत्र के अधीन होगा।

17. चरण-1 और चरण-2 की परीक्षा अहमदाबाद/गांधीनगर में आयोजित की जाएगी। अधिक विवरण वेबसाइट पर अपडेट किया जाएगा।

18. ट्रेड/कौशल परीक्षा (चरण-3) केवल प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर), गांधीनगर में ही आयोजित की जाएगी।

19. चरण -3 की परीक्षा के लिए बुलाए जाने वाले बाहरी उम्मीदवारों को सीधे और सबसे छोटे मार्ग से स्लीपर क्लास/द्वितीय श्रेणी रेल/राज्य परिवहन बस के किराए की प्रतिपूर्ति मूल टिकिट/फोटोकॉपी, यदि वापसी टिकट है, को प्रस्तुत और जमा करने पर की जाएगी।

20. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन में अपना **सही और सक्रिय ई-मेल और मोबाइल नंबर** भरने की सलाह दी जाती है क्योंकि संस्थान द्वारा सभी संचार केवल ई-मेल के माध्यम से किए जाएंगे। उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि भर्ती के नियमित अपडेट के लिए संस्थान की वेबसाइट देखें।

21. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की सूची आईपीआर वेबसाइट पर रखी जाएगी। जिन उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट नहीं किया गया है, उनके लिए अलग से कोई पत्राचार नहीं होगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

22. आईपीआर के पास बिना कोई कारण बताए उपरोक्त पद के लिए किसी भी उम्मीदवार का चयन नहीं करने या किसी भी स्तर पर विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

23. परिशिष्ट / विलोपन / शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) केवल संस्थान की वेबसाइट यानी http://www.ipr.res.in/advertisements.html पर पोस्ट किया जाएगा, जिसे उम्मीदवार नियमित रूप से देख सकते हैं।

24. जिन उम्मीदवारों का चयन नहीं किया गया है, उनके रिकॉर्ड चयनित उम्मीदवारों की सूची के प्रकाशन की तारीख से केवल एक वर्ष की अवधि के लिए संरक्षित किए जाएंगे

25. उम्मीदवारों को नियमित रूप से वेबसाइट की जांच करनी चाहिए। भर्ती से संबंधित सभी जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। वेबसाइट पर प्रदर्शित जानकारी उम्मीदवारों के लिए सूचना के रूप में समझी जाएगी।

26. लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को आईपीआर द्वारा जारी किए गए प्रवेश पत्र के साथ एक फोटो आईडी प्रमाण लाना होगा। फोटो आईडी प्रूफ मूल रूप में या तो आधार कार्ड या पैन कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस या वोटर कार्ड होना चाहिए।

27. आवेदक, आवेदन को भरकर स्वयं को नैतिक आचरण के उच्चतम मानकों के लिए प्रतिबद्ध करते हैं। गलत दस्तावेज या किसी भी प्रकार के अनुयाचन या किसी भी स्तर पर भर्ती की प्रक्रिया को प्रभावित करने से ना केवल आवेदन अस्वीकार किया जाएगा बल्कि उस पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

## <u>आवेदन कैसे करें</u>

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे संस्थान की वेबसाइट http://www.ipr.res.in/documents/jobs_career.html पर दिनांक **04/11/2022 (शाम 5.30 बजे तक)** तक ऑनलाइन आवेदन करें।

### ऑनलाइन आवेदन भरते समय आवेदकों को निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड करने होंगे:

1. हाल ही का पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो।
2. निम्नलिखित सहायक दस्तावेजों की प्रतियां:
   - i) आयु का प्रमाण। (उपरोक्त सामान्य जानकारी के क्रमांक 13 को देखें)
   - ii) शैक्षिक मार्कशीट / प्रमाण पत्र / डिग्री।
   - iii) अनुभव प्रमाण पत्र (ओं) (यदि लागू हो) ।
   - iv) निर्धारित प्रारूप प्रमाण पत्र में जाति/समुदाय/वर्ग का (यदि लागू हो) ।
   - v) भुगतान रसीद की प्रति (यदि लागू हो)
   - vi) कोई अन्य संबंधित दस्तावेज।

**<u>कृपया ध्यान दें कि आवेदन और सहायक दस्तावेजों की हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता नहीं है।</u>**

ऑनलाइन आवेदन दाखिल करने में किसी भी समस्या के मामले में, कृपया recruitment@ipr.res.in को संपर्क करें

**संस्थान का प्रयास हमेशा ही लिंग संतुलन दर्शाने वाला जनबल का रहा है और महिला उम्मिदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।**

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी**